खण्ड 12 संख्या 10

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग-1—कार्यवही प्रश्नोत्तर)

बुधवार तिथि 28 मार्च, 1984।

विषय सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | |
| अल्प-सूचित प्रश्न संख्या 6 (पूर्ण उत्तर के लिए स्थगित) | ... | 1—6 |
| तारांकित प्रश्न संख्या 323, 1099, 1100, 1101, 1102, 1103, 1104 एवं 1105। | | 7—20 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) : | ... | 21—42 |
| दैनिक निबन्ध : | ... | 43 |


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों के अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

अतिरिक्त चिकित्सा की सुविधा ।

1126. श्री ध्रुव भगत—क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा सुविधा को छोड़कर साहेबगंज जिलान्तर्गत राज महल रेफरल अस्पताल में सरकार रोगियों को कौन-कौन सी अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा देने का विचार रखती है तथा कब तक ?

श्री दिलकेश्वर राम— प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधा के अतिरिक्त रेफरल अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद सहित शैय्याएं स्वीकृत की गई है ।

---

स्वास्थ्य मंत्री के आदेश का कार्यान्वयन ।

1136. श्री साईमन मरांडी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मंत्री ने दिनांक 28 जून, 1983 को आदेश दिया था कि श्री सत्यदेव पाण्डेय, शल्य कक्ष सहायक, सदर अस्पताल सासाराम में अगले आदेश तक बने रहेंगे;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनः उक्त मंत्री ने उक्त आदेश को भंग कराने के लिये संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बिहार, पटना को उक्त संख्या 749, दिनांक 29 जुलाई, 1983 द्वारा आदेश दिया, परन्तु स्वास्थ्य विभाग ने उक्त दोनों आदेशों का पालन अभी तक नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार स्वास्थ्य मंत्री के उक्त आदेश का कार्यान्वयन करने का विचार रखती है, यदि हां तो, कब तक, नहीं तो क्यों ?

श्री दिलकेश्वर राम—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) सरकार ने विचारोपरान्त श्री सत्यदेव पांडेय, शल्य कक्ष सहायक सदर अस्पताल, सासाराम को अन्यत्र स्थानान्तरण कर देने का निर्णय लिया है ।

---